# न्यायालय उप जिला कलक्टर टोडाभीम जिला करौली

मु0न0 45/18

तारीख रजूः– 09.08.2019

पीठासीन अधिकारीः– दुर्गा प्रसाद मीना आर.ए.एस.

उनवान

पूजा पुत्री विष्णु कुमार उर्फ धारू पत्नि उमंग जाति ब्राह्मण निवासी मातसूला तहसील टोडाभीम हालवासी बृजलाल का नंगला तहसील बयाना जिला भरतपुर।

प्रार्थीया

बनाम

1. तहसीलदार टोडाभीम जिला करौली।
2. जिला कलक्टर करौली।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम

**उपस्थिति :– 1. श्री सुनील कुमार जिन्दल एडवोकेट (वादी)**
**2 पैरोकार सरकार (प्रतिवादी)**

कार्यालय उपजिला कलेक्टर टोडाभीम (करौली) राज०

**निर्णय** **दिनांकः– 31.01.2020**

प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षेप मे विवरण इस प्रकार है कि ग्राम भैसा पट्टी कला तहसील टोडाभीम की आराजी ख0न0 828/0.69, 830/1060/0.45, 832/0.82, 848/0.21 है0 मे प्रार्थीया पूजा पुत्री विष्णु कुमार व विलायत दादी रामपति बेवा रामनिवास हिस्सा 1/3 खातेदार दर्ज है। ग्राम मातासूला की आराजी ख0न0 488/0.25, 489/0.24, मे प्रार्थीया पूजा पुत्री धारू हिस्सा 1/3 दर्ज है। मातासूला की आराजी ख0न0 1358/0.03, 1361/0.24, 1362/0.15, 1363/0.17, 1364/0.17 मे प्रार्थीया पूजा पुत्री धारू के नाम से हिस्सा 1/6 खातेदारी दर्ज है। ग्राम माधोपुरा की आराजी ख0न0 91/633/0.01, 47/0.03, 48/0.98, 48/625/0.04, 49/0.03, 90/0.27, 91/0.27, 92/0.02, 108/0.18 है0 मे प्रार्थीया पूजा पुत्री धारू बहिस्सा 1/2 के नाम रिकार्ड दर्ज है।

प्रार्थीया के पिता विष्णु कुमार एवं माता आशा का देहावसान प्रार्थीया के नाबालिग अवस्था मे प्रार्थीया के बाब रामनिवास एवं दादी रामपति के जीवन काल मे हो गई तथा प्रार्थीया के बाबा रामनिवास का देहावसान वर्ष 2000 मे हो जाने के पश्चात उक्त आराजीयात का नामांतकरण जरिये विरासत प्रार्थीया की नाबालिकी जरिये संरक्षक दादी रामपति खोला गया। ग्राम भैसा पट्टी कला तहसील टोडाभीम की आराजी ख0न0 828/0.69, 830/1060/0.45, 832/0.82, 848/0.21 है0 मे प्रार्थीया की बल्दियात के आगे प्रार्थीया के पिता का नाम विष्णु कुमार है। तथा शेष ख0न0 488/0.25, 489/0.24, 1358/0.03, 1361/0.24, 1362/0.15, 1363/0.17, 1364/0.17, 91/633/0.01, 47/0.03, 48/0.98, 48/625/0.04, 49/0.03, 90/0.27, 91/0.27, 92/0.02, 108/0.18 है0 मे प्रार्थीया की बल्दियत के आगे पिता का बोलता नाम धारू लिख दिया। जबकि प्रार्थीया के पिता का असल नाम विष्णु कुमार है विष्णु शर्मा, विष्णुकुमार एवं धारू एक ही व्यक्ति है। इसलिये राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी ग्राम भैसा पट्टी काला, मातासूला, माधोपुरा मे दर्ज हाल राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थीया की बल्दियत के आगे दर्ज पूजा पुत्री धारू के स्थान पर पूजा पुत्री विष्णु कुमार दर्ज किया जाना आवश्यक है। क्योकि प्रार्थीया के सभी शेक्षणिक योग्यता एवं अंकतालिका,

उपजिला कलक्टर
टोडाभीम (करौली)



Scanned by CamScanner

राशनकार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र मे प्रार्थीया के पिता का नाम विष्णु कुमार एवं विष्णु शर्मा दर्ज है के स्थान पर पूजा पुत्री विष्णु कुमार दर्ज किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है।

अतः प्रार्थना पत्र बावत इन्द्राज दुरुस्ती स्वीकार कर राजस्व रिकार्ड नवीन खाता संख्या 85, 199 ग्राम मातासूला मे तथा ग्राम माधोपुरा की हाल जमाबन्दी के नवीन खाता संख्या 63, 65 स्थित ग्राम माधोपुरा मे पूजा पुत्री धारू के स्थान पर पूजा पुत्री विष्णु कुमार समस्त राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कर अमल दरामद किया जावे।

अतः प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर्ड किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार टोडाभीम को जरिये नोटिस तलब किया गया। तहसीलदार टोडाभीम से मौका रिपोर्ट तलब की गई, तहसीलदार टोडाभीम ने ग्राम मातासूला की जमाबन्दी सम्वत 2076–79 के खाता संख्या 87, 196 मे प्रार्थीया पूजा पुत्री धारू दर्ज रिकार्ड है ग्राम माधोपुरा की जमाबन्छी सम्वत 2075–78 के खाता संख्या 49 व 47 मे पूजा पुत्री धारू रिकार्ड दर्ज है, ग्राम भैसा पट्टी कला की जमाबन्दी सम्वत 2074–77 मे खाता संख्या 191 मे पूजा पुत्री विष्णुकुमार जाति ब्राह्मण निवासी मातासूला दर्ज रिकार्ड है। पूजा के पिता का बोलता नाम धारू है एवं सही नाम विष्णु कुमार है धारू तथा विष्णु कुमार के नाम का ग्राम मातासूला मे एक ही व्यक्ति है तथा पूजा पुत्री धारू के स्थान पर पूजा पुत्री विष्णु कुमार किये जाने की अभिशंषा की है।

तहसीलदार टोडाभीम द्वारा प्रस्तुत जबाब रिपोर्ट व पत्रावली मे दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। ग्राम मातासूला की जमाबन्दी सम्वत 2076–79 के खाता संख्या 87, 196 मे प्रार्थीया पूजा पुत्री धारू दर्ज रिकार्ड है ग्राम माधोपुरा की जमाबन्छी सम्वत 2075–78 के खाता संख्या 49 व 47 मे पूजा पुत्री धारू रिकार्ड दर्ज है, ग्राम भैसा पट्टी कला की जमाबन्दी सम्वत 2074–77 मे खाता संख्या 191 मे पूजा पुत्री विष्णुकुमार जाति ब्राह्मण निवासी मातासूला दर्ज रिकार्ड है। तहसीलदार टोडाभीम ने पूजा के पिता का बोलता नाम धारू एवं सही नाम विष्णु कुमार बताया है तथा धारू तथा विष्णु कुमार नाम का ग्राम मातासूला मे एक ही व्यक्ति है अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र बावत इन्द्राज दुरुस्ती स्वीकार किया जाना उचित पाता हूँ।

अतः ग्राम मातासूला की हाल जमाबन्दी की आराजी ख0न0 488/0.25, 489/0.24, 1358/0.03, 1361/0.24, 1362/0.15, 1363/0.17, 1364/0.17 एवं ग्राम माधोपुरा की आराजी ख0न0 91/633/0.01, 47/0.03, 48/0.98, 48/625/0.04, 49/0.03, 90/0.27, 91/0.27, 92/0.02, 108/0.18 मे दर्ज खातेदारी पूजा पुत्री धारू के स्थान पर पूजा पुत्री विष्णु कुमार दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। राजस्व रिकार्ड मे अंकन करने हेतु निर्णय की प्रति तहसीलदार टोडाभीम को भिजवाई जावे।

निर्णय आज दिनांक 31.01.2020 को खुले न्यायालय मे लिखाया जाकर सुनाया गया।

31/1/2020

(दुर्गा प्रसाद मीना)
उपजिला कलक्टर
टोडाभीम (करौली)
उप जिला कलक्टर
टोडाभीम जिला करौली

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Durga Prasad Meena
Date: 2020.02.11 15:26:17 IST
Reason: SelfAttested
Location: